पत्र संख्या–कमिश्नर कैम्प/2021–22/ 386 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0।
(कमिश्नर कैम्प)
लखनऊ :: दिनांक :: 14 फरवरी, 2022

01. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उ0प्र0।
02. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,
उच्च न्यायालय कार्य, प्रयागराज।
03. अपर निदेशक (प्रशिक्षण)
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 12.02.2022 को ज्वाइण्ट कमिश्नर (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर, झांसी को उनके व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर पर कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ के सी0यू0जी0 नम्बर से 03 कॉल की गई, जिसमें कोई व्यक्ति कमिश्नर, वाणिज्य कर के निर्देश पर वार्ता करना बता रहा था। सन्देह होने पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि सी0यू0जी0 नं0 पर कमिश्नर के निर्देशानुसार कोई वार्ता/निर्देश नहीं दिये गये।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में कई प्रकार के App व Technology उपलब्ध हैं, जिसके द्वारा किसी भी मोबाइल नम्बर को Mimic किया जा सकता है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उसी नम्बर से कॉल किया गया है। Fake Call का प्रकरण प्रकाश में आने पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा "cybercrime.gov.in" पर नियमानुसार अपनी शिकायत दर्ज करायी गई तथा अविलम्ब तथ्यों से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया।

अतः निर्देशित किया जाता है कि राजकीय कार्यों के सम्पादन में आपको अथवा आपके अधीनस्थ किसी अधिकारी को मोबाइल/ऑन लाइन साइबर क्राइम कारित होने की स्थिति में अविलम्ब "cybercrime.gov.in" पर पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए इसकी पूर्ण सूचना वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को दी जाए। वाणिज्य कर मुख्यालय स्तर पर साइबर क्राइम विषयक प्रकरणों के समन्वय एवं अनुश्रवण हेतु एडीशनल कमिश्नर (पुलिस) वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

/

(मिनिस्ती एस0)
कमिश्नर
वाणिज्य कर, उ0प्र0।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
02. एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
03. एडीशनल कमिश्नर (पुलिस) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
04. ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

14/2/2022

कमिश्नर
वाणिज्य कर, उ0प्र0।